प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 13.02.2025

➢ थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 13.02.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री शानू चौधरी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 19/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त साहिल पुत्र इसरार निवासी महमूदनगर जनकपुरी थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को आरआई कम्पाउन्ड के पास पुलिस लाईन के सामनें से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी साईकिल को बेचकर प्राप्त हुए 950 रूप्ये में बचे हुए 270 रूप्ये व 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्वि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–

दिनांक 13.02.2025 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री रमेशचन्द मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 968/2018 धारा 147,148,353,342,504 भादवि व 7 सीएल एक्ट में वारण्टी अभियुक्तगण 1. अब्दुल पुत्र परवस व 2. जुल्फकार पुत्र महफूज निवासीगण ग्राम सिकंदरपुर कलां थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ थाना ककरौली पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–

दिनांक 13.02.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री दिनेश कोशिक मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या परिवाद संख्या 318/9/21 धारा 420,406,506,323 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1. विरेन्द्र पुत्र रूपराम व 2. दिनेश पुत्र रूपराम निवासीगण ग्राम चौरावाला थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।